# थाना सचेण्डी पुलिस ने 25000/- रूपये के शातिर इनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**-पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना सचेण्डी पुलिस को मिली सफालता**
**-विगत 01 वर्षो से फरार चल रहे 25000/-रूपये के इनामिया अपराधी को किया गिरफ्तार**
**-अपराधी के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।**
**-शासन द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत मिली सफालता।**

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की धर पकड हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांकः 06.11.2023 को थाना सचेण्डी पुलिस को बडी सफलता हांथ लगी। थाना सचेण्डी कानपुर नगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 387/2022 धारा 395/412 भादवि में वांछित/इनामिया अभियुक्त नारायन सिंह पुत्र विश्राम सिंह उर्फ त्यागी सिंह निवासी ग्राम मिहारा सलेमपुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात को थाना सचेण्डी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

**-घटनाक्रम** के मुताबिक दिनांकः28.12.2022 को अभियुक्त नारायन सिंह पुत्र विश्राम सिंह उर्फ त्यागी सिंह निवासी ग्राम मिहारा सलेमपुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात द्वारा अपने 06 साथियों के साथ मिलकर वादी श्री वीरू सिंह पुत्र रज्जन सिंह निवासी कुसारा थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर हाल पता वेयर हाउस गोदाम सुजानपुर थाना सचेण्डी जनपद कानपुर नगर के साथ मारपीट करते हुए मोबाइल व लोडर संख्या UP78GT2488 को लूट कर भाग गये थे जिसके सम्बन्ध में वादी मुकदमा श्री वीरू सिंह द्वारा थाना सचेण्डी कानपुर नगर पर मु0अ0सं0 387/2022 धारा 394 भादवि पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस उपायुक्त पश्चिम कानपुर नगर द्वारा 25000/- रूपये का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु थाना हाजा पर टीम गठित की गयी जिसमें से 06 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण के कब्जे से मोबाइल व लूटी गयी लोडर संख्या UP78GT2488 को बरामद किया गया जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 394 भादवि का लोप करते हुए धारा 395/412 भादवि की बढोत्तरी की गयी, जिसमें एक अभियुक्त नारायन सिंह पुत्र विश्राम सिंह उर्फ त्यागी सिंह निवासी ग्राम मिहारा सलेमपुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात लगभग 01 वर्ष से फरार चल रहा था। अभियुक्त नारायन सिंह उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना सचेण्डी कानपुर नगर पर टीम गठित गयी जिनके अथक प्रयासों के दिनांकः 06.12.2023 को मुखबिरखास/आपरेशन त्रिनेत्र के माध्यम से थाना क्षेत्र सचेण्डी जनपद कानपुर नगर से अभियुक्त नारायन सिंह उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया जिसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया तथा अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार इनामियाअभियुक्तः-**

1. नारायन सिंह पुत्र विश्राम सिंह उर्फ त्यागी सिंह निवासी ग्राम मिहारा सलेमपुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात

**आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 387/2022 धारा 395/412 भादवि थाना सचेण्डी कानपुर नगर।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-**

1. श्री योगेश कुमार सिंह थाना प्रभारी थाना सचेण्डी कानपुर नगर।
2. उ0नि0श्री सोनपाल सिंह थाना सचेण्डी कानपुर नगर।
3. उ0नि0श्री जयदीप सिंह थाना सचेण्डी कानपुर नगर।
4. उ0नि0श्री अंकुर मलिक थाना सचेण्डी कानपुर नगर।
5. हे0का0 1793 अनमोल तिवारी थाना सचेण्डी कानपुर नगर।
6. हे0का0 727 रामराज रावत थाना सचेण्डी कानपुर नगर।
7. का0 395 विनय कुमार थाना सचेण्डी कानपुर नगर।